हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 3 मार्च, 2022/12 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 57

पदपूर्ति

*4735 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में प्रवक्ता, टी0जी0टी0 कला, मैडिकल व नॉन-मैडिकल अध्यापकों के कितने पद भरे गए; पाठशालावार एवं पदवार ब्यौरा दें?

एकीकृत बागवानी विकास मिशन

*4736 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक किन्नौर में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा योजनाओं के नाम व उन पर किए गए व्यय सहित दें; और

(ख) कृषि उत्पाद संरक्षण योजना में क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा योजनाओं के नाम व उन पर किए गए व्यय सहित दें?

स्कूलों के नए भवन

***4737 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्कूलों के नए भवन निर्माण के कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं;

(ख) यह सत्य है कि धनराशि का प्रावधान होने के उपरान्त भी निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किए गए हैं; यदि हां, तो इनका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; और

(ग) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ में बन रहे साईंस लैब का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

आवास निर्माण

***4738 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सीमा महाविद्यालय में शिक्षकों के आवासों का कार्य कब से और क्यों बन्द पड़ा है; इसका कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ठेकेदारों के नाम व कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

अनापत्ति प्रमाण-पत्र

***4739 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार, सरकारी कार्यों हेतु सरकारी भूमि के अधिग्रहण के नियमों में संशोधन कर इसके सरलीकरण हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता को समाप्त कर केवल उप-मण्डलीय अधिकारी (ना.) द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें ?

ट्रांसफार्मर

***4740 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में

दिनांक 01.02.2022 तक जिला सिरमौर में कितने ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार, स्थानवार व नामवार दें?

पैट्रोल पम्प

***4741 श्री जिया लाल (भरमौर)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पांगी घाटी में पैट्रोल पंप को कब तक स्थापित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Construction Work

***4742 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that by when the construction work of buildings of Degree College Nankhari and Jeori, GSSS Majholi Tipper, Kungal Ballti and Khamadi will be completed; details be given?

मनरेगा

***4743 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; और

(ख) यह सत्य है कि मनरेगा के तहत इस निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि व्यय की जा चुकी है; यदि नहीं, तो शेष धनराशि कब तक व्यय की जाएगी; ब्यौरा दें?

अनुदान

***4744 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रोहडू में जर्मन सहायता प्राप्त परियोजना के तहत बागवानों द्वारा सौर ऊर्जा पर आधारित सी0ए0 स्टोर स्थापित

किए गए हैं; यदि हां, तो सरकार इस हेतु बागवानों को अनुदान प्रदान करने का विचार रखती है?

भवन निर्माण

***4745 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन पाठशालाओं के नए भवनों का निर्माण कार्य धनराशि के अभाव के कारण लम्बित है; इन भवनों के निर्माण के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है; ब्यौरा दें?

पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को रोजगार

***4746 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में 31.01.2022 तक कितने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने विभिन्न रोजगार कार्यालयों में रोजगार हेतु पंजीकरण करवाया है; ब्यौरा रोजगार कार्यालयवार दें;

(ख) इनमें से कितनों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम, पते व विभागवार दें; और

(ग) किन-किन विभागों में इस वर्ग की कितनी-कितनी रिक्तियों का बैकलॉग चल रहा है व किन-किन विभागों में भर्ती प्रक्रिया चल रही है; रिक्तियों व भर्ती प्रक्रिया का श्रेणीवार व विभागवार ब्यौरा दें?

जल जीवन मिशन

***4747 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश को कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; किस-किस विधान

सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत किस-किस हैड में कितनी-कितनी धनराशि दी गई है; मदवार कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना

*4748 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्माणाधीन धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना हेतु भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; यदि हां, तो एस0जे0वी0एन0एल0 द्वारा निर्माण कार्य शुरू न करने के क्या कारण हैं; और

(ख) इसकी अनुमानित लागत कितनी है तथा निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भाषा अध्यापक

*4749 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 12.11.2021 को भाषा अध्यापकों के 229 पदों के लिए घोषित परीक्षा परिणाम में से आज तक कितने अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई; ब्यौरा दें;

(ख) इन पदों में से जिला कांगड़ा कैडर के लिए नियुक्ति हेतु कितने पदों के लिए संस्तुति की गई; वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं तथा इन रिक्त पदों पर कितने अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी है;

(ग) यदि किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति नहीं हुई है, तो कारण;

(घ) यदि जिला कांगड़ा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या रिक्त पदों से अधिक हैं तो मैरिट के आधार पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति न किये जाने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(ङ) यह सत्य है कि जिला ऊना, हमीरपुर व सोलन के समस्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी गई है; यदि हां,तो जिला कांगड़ा के साथ अन्य जिलों के अभ्यर्थियों की नियुक्ति न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

ट्यूबवेल

***4750 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ग्राम पंचायत जगतपुर के गांव बनियाला हलेड़ में कृषि विभाग द्वारा प्रदान किए गए ट्यूबवेल को जल शक्ति विभाग के अधीन करने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Allocations of Funds

*4751 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31.01.2022, how much funds have been allocated for repair, restoration and maintenance in Jal Shakti Vibhag, North Zone; and

(b) Division-wise and year-wise details of allocation of funds be given?

कांगु में उप-मण्डल

***4752 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कांगु में जल शक्ति विभाग का उप-मण्डल तथा चौकी व चुरड़ में अनुभाग खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक इनकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

अंडर ग्राउंड केबल

***4753 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा मण्डी नगर निगम परिधि के अन्तर्गत अंडर ग्राउंड बिजली केबल डालने का निर्णय लिया गया था;

(ख) यदि हां, तो किस कम्पनी के माध्यम से इसकी योजना बनाई जा रही है; इस पर कितना व्यय होगा तथा इसका वहन कौन करेगा; और

(ग) यह मण्डी नगर निगम तक ही सीमित होगा; इसकी अनुमानित लागत क्या होगी; ब्यौरा दें?

ए0पी0एम0सी0 भंडार

***4754 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ए0पी0एम0सी0 के बिलासपुर में निर्मित भंडार सैक्टर निहाल में क्या-क्या गतिविधियां चलाई जा रही हैं; इसके निर्माण कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) यह सत्य है कि इस भंडार की ईमारत को किराये पर दिया गया है; यदि हाँ, तो क्या यह ए0पी0एम0सी0 के नियमों व प्रावधानों के अनुसार किराये पर दिया जा सकता है; ब्यौरा दें?

विकास खण्ड कार्यालय

***4755 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जोगिन्द्रनगर में विकास खण्ड स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Crash in Apple Market

***4756 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) is the Government aware of a record crash in the apple market of the fruit stored in ordinary and CA stores because of smuggled apple reaching the Indian markets from Turkey and Iran through Afghanistan; if yes, what steps have suggested to GOI to check the violation of trade agreements; place the relevant records on the Table of the House; if not, does the Government propose to intervene through the Central Government to save the farmers from the unprecedented crash in the market;

(b) has the Government requested the Central Government to put 100% import duty on apples; if yes, place the letter addressed to them on the Table of the House; and

(c) is there any clause in the agreement of FTA made by the Central Government on apple to step out of the agreement; place a copy of the agreement on the Table of the House?

स्कूल भवन निर्माण

***4757 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी पाठशालाओं के भवन निर्माण हेतु Administrative approval & Expenditure sanction हुई है; ब्यौरा पाठशालाओं के स्थान व नाम सहित दें;

(ख) इनमें से कितनी पाठशालाओं के भवन निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित की गईं व कितनी आबंटित की गईं; और

(ग) इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है?

मुख्य मन्त्री आवास योजना

***4758 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य मन्त्री आवास योजना के तहत कितने लाभार्थियों को धनराशि व आवास आबंटित किए गए; और

(ख) इनमें से कितने लाभार्थी सामान्य जाति वर्ग से सम्बन्ध रखते हैं; ब्यौरा दें?

अनुप्रयुक्त स्कूल भवन

***4759 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक प्रदेश में किन-किन प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के कितने कमरे भवन एवं छात्रावास कब-कब से अनुप्रयुक्त पड़े हैं; पाठशालाओं का ब्यौरा जिलावार दें?

पदपूर्ति

***4760 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़ विकास खण्ड में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

पाठशाला

***4761 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कोठीपुरा में सरकार डॉक्टरों के बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु पाठशाला खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो चयनित स्थान का विवरण दें?

भर्ती का ब्यौरा

***4762 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुल्लू जिला के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में दोनों जल शक्ति मण्डलों के तहत पैरा फिटर, पैरा पंप ऑपरेटर व मल्टी टास्क वर्करों की कितनी भर्ती हुई; नामवार व श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(ख) भर्ती प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता के अनुभव प्रमाण-पत्र, स्किल टेस्ट तथा अन्य किसी आधार के कितने नंबर निर्धारित किए गए थे; और

(ग) अनुभव प्रमाण-पत्र किस कंपनी के मान्य थे व भर्ती किए गए अभ्यार्थियों के पास किस कंपनी के अनुभव प्रमाण-पत्र थे; ब्यौरा दें?

बैंक खाता

***4763 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि "समग्र शिक्षा अभियान" का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक से बन्द करवा कर निजी बैंक HDFC में खोल दिया गया है व करोड़ों रुपये की राशि अब HDFC बैंक द्वारा वितरित की जाती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा यह बदलाव क्यों किया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(ग) राष्ट्रीयकृत बैंक या प्रदेश में मौजूद सहकारी बैंक में यह बैंक खाता नहीं खोलने के क्या कारण हैं; और

(घ) यह सत्य है कि मिड-डे-मील का बैंक खाता भी निजी बैंक ICICI में खोला जा रहा है; 15वें वित्त आयोग के बजट सम्बन्धित पंचायतों के खाते भी निजी बैंक HDFC में खोले जा रहे हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें?

रिक्तियां

***4764 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के

अन्तर्गत प्राथमिक पाठशालाओं में जे0बी0टी0, एच0टी0 व सी0एच0टी0 के कितने पद सृजित व रिक्त हैं; पाठशालावार ब्यौरा दें?

आत्मा परियोजना

***4765 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला किन्नौर में आत्मा परियोजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; ब्यौरा वर्षवार व योजनावार दें;

(ख) इस अवधि में प्राकृतिक खेती योजना के अन्तर्गत क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा वर्षवार व योजनावार दें; और

(ग) इसी अवधि में मुख्य मन्त्री खेत संरक्षण योजना व कृषि यन्त्रीकरण योजना के अन्तर्गत कितने लाभार्थियों को कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व दी गई धनराशि सहित दें?

भवन निर्माण

***4766 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि तहसील कार्यालय भवन मुल्थान और चड़ियार के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; इन भवनों का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा?

विकासात्मक कार्य

***4767 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत जल शक्ति रोहड़ू मण्डल में कितनी योजनाएं स्वीकृत की गईं तथा इनका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा;

(ख) गत 3 वर्षों में विभाग ने रोहड़ू व डोडरा-क्वार जल शक्ति मण्डल में स्टेट बजट की कितनी धनराशि कहां-कहां व्यय की गई; लगवाए गए डंगों की संख्या व ठेकेदारों के कार्यों का पूर्ण ब्यौरा दें;

(ग) गत 3 वर्षों में जल शक्ति विभाग ने रोहड़ू मण्डल में कितने ऑनलाइन व ऑफलाइन टेण्डर लगवाए; ठेकेदार के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) वर्तमान में विभाग की ठेकेदारों व अन्यों के प्रति कितनी देनदारी है; पूर्ण ब्यौरा दें?

शौचालय निर्माण

***4768 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश की कई पंचायतें जो 100% शौच मुक्त घोषित हो चुकी हैं व अन्य कई पंचायतों के गरीब परिवारों के पास अपने शौचालय नहीं हैं क्योंकि वे अपने स्तर पर शौचालयों का निर्माण करवाने में असमर्थ हैं; क्या सरकार ऐसे परिवारों को शौचालय निर्माण हेतु किसी प्रकार की सहायता प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

शिक्षकों के रिक्त पद

***4769 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में शिक्षकों के कितने पद कब से रिक्त पड़े हैं; पदों का ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

विद्युत पावर हाऊस पांगी

***4770 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पांगी घाटी के विद्युत पावर हाऊसों में नई मशीनरी तथा विद्युत उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकार योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसे कब तक लागू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Pending payments

***4771 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state during the last year upto 01.02.2022, what is the total pendency in payments of MGNREGA in Rampur Assembly Constituency; how many people got MGNREGA wages during this period; how many Panchayats did not provided jobs in MGNREGA during this period and why; details be given?

पदपूर्ति

***4772 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जल शक्ति मण्डल अम्ब के अन्तर्गत तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

***4773 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बागवानी विभाग द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के आधार पर कीटनाशक और फफूंदनाशक पर अनुदान दिया जा रहा है; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा विभाग द्वारा भिन्न-भिन्न खण्डों को कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम, पते व अनुदान धनराशि सहित खण्डवार दें?

पदोन्नति व सीधी भर्ती नियम

***4774 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बिजली विभाग में कनिष्ठ अभियन्ता से सहायक अभियन्ता के पद पर पदोन्नति व सीधी भर्ती के लिए आरक्षण का प्रावधान है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार वर्तमान में बढ़ते डिग्री धारकों की संख्या के मद्देनज़र विभाग में आरक्षण के नियमों का पुनरावलोकन कर नये आरक्षण नियम तय करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

नए पशु चिकित्सालय/औषधालय

***4775 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने नए पशु चिकित्सालय /औषधालय खोले गए;

(ख) इनमें से कितने पद पशु चिकित्सा अधिकारियों व अन्य श्रेणियों के सृजित किए गए; पदों का श्रेणीवार व वर्तमान में रिक्तियों सहित ब्यौरा दें; और

(ग) ये रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

धारा-118 के तहत मंजूरी

***4776 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक धारा-118 के तहत मंजूरी लेने के बाद कितने लोग दो साल की अवधि के भीतर कार्य शुरू नहीं कर पाए हैं;

(ख) सरकार इन सभी को कोई विशेष छूट देने का विचार रखती है; यदि हां, तो ऐसे कितने मामले अब तक सरकार के पास छूट के लिए पहुंचे हैं; ब्यौरा दें;

(ग) इस अवधि में राज्य के विभिन्न जिलों में जिलाधीशों को लीज़ पर भूमि लेने हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा इन आवेदनों पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा आवेदनकर्ता के नाम व पते सहित दें; और

(घ) दिनांक 01.01.2020 से 31.01.2022 तक धारा-118 के तहत कितने मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***4777 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) शिमला स्थित ऊर्जा निदेशालय के भवन निर्माण हेतु किस स्थान का चयन किया गया है; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक

***4778 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जो पत्र हिमाचल सरकार के मुख्य सचिव महोदय को अक्टूबर, 2021 में लिखा था तथा जिसमें 2 नवंबर, 2021 को दिल्ली में ओ0बी0सी0 से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए मीटिंग रखी गई थी, क्या यह मीटिंग हुई या नहीं; यदि हुई, तो इसमें प्रदेश की तरफ से जो अधिकारी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा मीटिंग में बुलाए गए थे, वे वहां गए या नहीं;

(ख) यदि गए, तो वहां पर जो भी मुद्दों पर चर्चा हुई उसका ब्यौरा दें; और

(ग) यदि वहां पर कोई भी सक्षम अधिकारी नहीं गया तो उन पर क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; कारणों सहित ब्यौरा दें?

माध्यमिक व वरिष्ठ पाठशाला का दर्ज़ा

***4779 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार राजकीय उच्च पाठशाला मलैहणी, पुरला, साई चड़ोग, गुनाह, रामपुर पसवाला का दर्जा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तथा प्राथमिक पाठशाला सलैहड़ा, बकौंटा व लुनस का दर्ज़ा बढ़ाकर माध्यमिक पाठशाला करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Science Classes

***4780 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many Government Senior Secondary Schools in Dalhousie Assembly Constituency in Chamba District have Science Classes;

(b) detailed list of all such Schools, Institutions-wise be provided;

(c) how many posts of Lecturers are created in these schools; details be given; and

(d) how many posts are lying vacant; Institution-wise details be given?

अंग्रेजी प्रवक्ता पद

***4781 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डैहर व जड़ोल में ग्यारहवीं व बारहवीं में कितने छात्र व छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की; और

(ख) इन पाठशालाओं में क्या अंग्रेजी प्रवक्ता के पद बच्चों के अनुपात के अनुसार स्वीकृत हैं; यदि नहीं, तो प्रवक्ताओं के पद कब तक स्वीकृत किए जाएंगे?

असुरक्षित भवन

***4782 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक मण्डी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने प्राइमरी स्कूल भवनों को असुरक्षित घोषित कर गिराया गया; ब्यौरा नाम सहित तिथिवार दें;

(ख) भवनों को बनाने के लिए कब व कितनी धनराशि जारी की गई; और

(ग) क्या सभी भवन बना दिए गए हैं; यदि नहीं, तो कब तक बना दिए जाएंगे; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

मिनी सचिवालय सब-जज कोर्ट

***4783 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मिनी सचिवालय तथा सब-जज कोर्ट खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) इस हेतु डी0पी0आर0 तैयार कर ली गई है; भवनों के निर्माण की अनुमानित लागत कितनी होगी तथा क्या इस हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है; ब्यौरा दें?

त्रिवेणी महादेव प्रोजैक्ट

***4784 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि त्रिवेणी महादेव लड्डु जल विद्युत परियोजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

Russeting disease in Apple

***4785 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what is the Russeting diseases in apples, is it viral, fungal or any other epidemic form of attack on the apple; is it more prominent at higher altitudes or lower elevations, North or South facing aspects, clay or sand soil, alkaline or acidic soil conditions; winter frost or sprays or wrong practices of spraying or lack of sunlight on the fruit, attack of some pest or insect, virus or fungus; has any research been done in the world or in our University at Nauni or Palampur or by the research centers of Agricultiure or Horticulture or by any other scientists; provide all details in this respect;

(b) what is the recommendation of the Horticulture Department to control it and what are the success rate; and

(c) how much quality of the fruit is reduced by Russeting; how much price of the fruit falls by it; does the Government proposes to declare it an epidemic; if yes, by when; if not, the reasons for the same?

बागवानी क्लस्टर

***4786 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागवानी के कितने क्लस्टर बनाए गए हैं; इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत थी व कितनी व्यय की गई है तथा कितनी शेष है; और

(ख) इन सभी योजनाओं के Tender Notice, Award Letter तथा कम्पलीशन रिपोर्ट की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

जिओ टैगिंग

***4787 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश के सभी स्कूलों के भवन/सम्पत्तियों की जिओ टैगिंग का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो ब्यौरा कारणों सहित दें?

पदपूर्ति

***4788 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग के उप-मण्डल राजगढ़ व सरांह में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

ट्राउट फार्म

***4789 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने विभागीय ट्राउट फार्म हैं; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इन पर कितनी धनराशि निर्माण व अन्य कार्यों पर व्यय की गई; व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा वर्षवार, मदवार व फार्मवार दें; और

(ख) इस अवधि में इन फार्मों से कितना राजस्व प्राप्त हुआ; फार्मवार विवरण दें?

तिउन समालंग रोड

***4790 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मनरेगा योजना के तहत तिउन-समालंग सड़क की शेल्फ कितनी धनराशि की प्रस्तावित है;

(ख) यह योजना कब स्वीकृत हुई थी; विभाग द्वारा इसका कितना कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

सब्जी मंडी

***4791 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के डमलाणा घाटी में सब्जी मंडी का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

यशपाल शर्मा,
सचिव।